हिंदी पखवाड़ा कार्यक्रम रिपोर्ट

खान मंत्रालय, भारतीय खान ब्यूरो

क्षेत्रीय कार्यालय ,भुवनेश्वर

दिनांक 01.09.2017 से 15.09.2017

भारतीय खान ब्यूरो, क्षेत्रीय कार्यालय ,भुवनेश्वर में दिनांक 01 सितम्बर, 2017 से 15 सितम्बर,2017 तक राजभाषा हिंदी पखवाड़ा समारोह का आयोजन हर्षोल्लास पूर्वक किया गया | इस दौरान राजभाषा हिंदी के प्रचार-प्रसार एवं उतरोतर प्रगति हेतु मुख्यालय से प्राप्त निर्देशों की अनुपालन करते हुए विभिन्न प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमे कार्यालय के अधिकारियों एव कर्मचारियों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया |

इस अवसर पर गणमान्य अतिथि के रूप भारतीय भूविज्ञान सर्वेक्षण के उप महा निदेशक श्री के.सी. महापात्रा एवं क्षे.खा.नि. श्री हरकेश मीना की उपस्थिति प्रेरणादायी रही। हिंदी पखवाड़े का उद्घाटन समारोह दिनांक 01.09.2017 को पूर्वाह्न 11.00 बजे भारतीय भूविज्ञान सर्वेक्षण के उप महा निदेशक श्री के.सी. महापात्रा एवं भारतीय खान ब्यूरो क्षे.खा.नि. श्री हरकेश मीना द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया |

हिंदी संपर्क अधिकारी श्री दिलीप जैन ने अतिथियों, अधिकारियों तथा कर्मचारियों का हार्दिक अभिनंदन एवं स्वागत करते हुए पखवाड़ा के दौरान आयोजित होने वाली प्रतियोगिता का रूप रेखा प्रस्तुत कि एवं सभी अधिकारियों तथा कर्मचारियों से अपील की गयी कि सभी इस हिन्दी पखवाड़े के दौरान आयोजित प्रतियोगिता में बढ़-चढ़ कर भाग ले तथा पखवाड़े के आयोजन को सफल बनाये | हिंदी पखवाड़े के दौरान निम्न कार्यक्रमो का आयोजन किया गया |

दिनांक	कार्यक्रम	संयोजक
04.09.2017 सोमवार	निबंध लेखन/ Essay Writing	श्री श्री पी.एम. सुन्दरेश्वर, स. प्रशानिक अधिकारी श्री एम.मिश्र, अ.श्रे.लि.
05.09.2017 मंगलवार	टिप्पण व प्रारूप लेखन/ Noting & Drafting	श्री डी. उपाध्याय, स.खा.नि. श्री श्री ऐ.के.पाणी, व.त.स. (ख.अ.)
06.09.2017 बुधवार	सुलेख/ Hand writing	श्री दिलिप जैन, क.ख.भू. श्रीमती सलिला दाश, आशुलिपिक-I
07.09.2017 गुरुवार	चुटकुले / हास्य / व्यंग्य / एकक अभिनय Jokes/ Mimicry/ Monoacting	श्री एस मंजुमदार, व.ख.भू. श्री सोमनाथ घोष, क.स.
08.09.2017 शुक्रवार	प्रश्नोत्तर (विकल्प)/ Question Answer (Objective type)	श्री रामकिशन, व.स.खा.नि श्री श्रीमती किरणबाला नायक, व.त.स. (नक्षा.)
11.09.2017 सोमवार	एक्सटेम्पोर (विषय ड्रा द्वारा) Extempore (Topic by draw)	श्री जी.सी शेठी, उप खान नियंत्रक श्री एस.के. महापात्र, व.त.स. (ख.अ.)
12.09.2017 मंगलवार	अनुवाद (अंग्रेजी से हिन्दी) प्रतियोगिता / Translation (English to Hindi)	श्री दिलिप जैन, क.ख.भू. श्री आशीष नारायण, क.सा.आ
13.09.2017 बुधवार	हिंदी वाद-विवाद/समूह चर्चा(विषय ड्रा द्वारा) Hindi debate/Group discussion (Topic by draw)	श्री डी. उपाध्याय श्री जीतेन्द्र प्रधान, व.त.स. (ख.अ.)
14.09.2017 गुरुवार	कविता पाठ Poet Recitation	श्री एस मंजुमदार, व.ख.भू. श्री पि.के.साहू व.त.स. (ख.अ.)

इस अवसर पर क्षे.खा.नि श्री हरकेश मीना (क्षे.खा.नि.)ने अपने विचार व्यक्त करते हुए हिंदी पखवाड़े के महत्व को भली भाति समझाते हुए संबोधन में कहा कि राजभाषा में कार्य करना हमारा संवैधानिक दायित्व है तथा अपना अधिक से अधिक कार्य हिंदी भाषा के माध्यम से करने पर जोर दिया|

गणमान्य अतिथि के रूप भारतीय भूविज्ञान सर्वेक्षण के उप महानिदेशक श्री के.सी. महापात्रा ने अपने संबोधन में हिंदी के विकास पर जोर दिया तथा यह कहा की हिंदी का विकास ही देश का विकास है, हम सभी को हिन्दी के विकास के लिए प्रयत्नशील रहना चाहिए।

संयोजक के निगरानी में उपरोक्त प्रतियोगिताओं को सफलता पूर्वक आयोजित किया गया तथा साथ ही साथ हर प्रतियोगिता का मूल्यांकन किया गया | सभी अधिकारियों तथा कर्मचारियों ने प्रतियोगिताओ में ने उत्साह पूर्वक तथा बढ़-चढ़कर भाग लिए |

अंततः 15.09.2017 को हिंदी पखवाड़ा का समापन समारोह क्षे.खा.नि. श्री हरकेश मीना की अध्यक्षता में मनाया गया | समापन कार्यक्रम का संचालन श्री पी. एम. सुन्दरेश्वर, सहायक प्रशासनिक अधिकारी ,द्वारा किया गया | हिंदी संपर्क अधिकारी श्री दिलीप जैन ने हिंदी पखवाड़ा का ब्यौरा रखा | समापन समारोह के दौरान गणमान्य अतिथि के रूप डॉ दिग्विजय गिरी, क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी, विदेश मंत्रालय, भारत सरकार, भुवनेश्वर को आमंत्रित किया गया ।

इस दौरान उन्होंने हिंदी पखवाड़े के दौरान होने वाले प्रतियोगिता का महत्व बताया तथा सभी प्रतियोगिता में सम्पूर्ण प्रदर्शन में श्री आशीष नारायण ,कनिष्ठ सांख्यिकीय अधिकारी को प्रथम पुरस्कार , श्री दिलीप कुमार ,बहु कार्य कर्मचारी को दिवतिय पुरस्कार , तथा श्री दिलीप जैन , हिंदी संपर्क अधिकारी एवं कनिष्ठ भूविज्ञान अधिकारी को

तिर्तिय पुरस्कार से सम्मानित किया गया अन्य सभी उम्मीदवार को सदभावना पुरस्कार से सम्मानित किया गया तथा गृह पत्रिका “**यथार्थ** “ का विमोचन किया गया |

अंततः क्षे.खा.नि. श्री हरकेश मीना ने सभी प्रतिभागियों को उत्साह व् लगन के साथ धैर्यपूर्वक शामिल होकर प्रतिभाग लेने के लिए सराहना की गई एवं भविष्य में कार्यालय में ज्यादा से ज्यादा हिंदी का उपयोग हो इसकी आशा जताई | अंत में, धन्यवाद प्रस्ताव उपरांत कार्यक्रम का समापन हुआ।

हिंदी पखवाड़े का आयोजन श्री दिलीप जैन , हिंदी संपर्क अधिकारी के निर्देश में एवं कनिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी श्री आशीष नारायण के मदद से किया गया ।